**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्या:– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2023 दिनॉक: सितम्बर 05, 2023

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**थाना जानसठ पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड 01 शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार। कब्जे से अवैध शस्त्र मय कारतूस तथा मोटरसाइकिल बरामद।**

सादर अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जानसठ व प्रभारी निरीक्षक थाना जानसठ के कुशल नेतृत्व में दिनांक 04.09.2023 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री जयवीर सिंह मय उ0नि0 श्री रामसमझ राणा मय हमराहीगण है0का0 572 जोगेन्द्र सिंह, है0का0 345 बिजेन्द्र सिंह, है0का0 63 शैलेन्द्र भाटी, का0 243 मनीष कुमार, का0 2294 नीतेश कुमार मय प्राईवेट वाहन के वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था व चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति में थाना जानसठ से रवाना होकर घटायन भट्टे के पास आये, पुलिस टीम चैकिंग व गस्त में मामूर थी तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि राजपुर कलां की लडकी का मोटर साईकिल से अपहरण कर बलात्कार करने वाला उस्मान उर्फ सुक्का कुछ ही देर में कुतुबपुर की ओर से रजवाहे की पटरी से बहसुमा की ओर जाने वाला है व उसके पास अवैध शस्त्र भी है। सूचना पर विश्वास करके पुलिस टीम गांव नूनीखेडा से आगे रजवाहे की पुलिया पर आने जाने वाले वाहनो व व्यक्तियों की चैकिंग करने लगे तभी कुछ देर बाद एक मोटर साईकिल कुतुबपुर की ओर से नूनीखेडा रजवाहे की पुलिया की ओर से आती दिखाई दी। जिसको पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी डालकर रूकने का इशारा किया तो मोटर साईकिल सवार युवक ने पुलिस को देखकर तेजी से मोटर साईकिल को पीछे मोडने का प्रयास किया जिस कारण मोटर साईकिल फिसलकर गिर पडी। जैसी ही पुलिस टीम युवक की ओर बढी तो युवक ने अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिससे पुलिस पार्टी बाल–बाल बची। पुलिस टीम द्वारा जरिये दूरभाष घटना की सूचना उच्चाधिकारीगण को दी गयी। पुलिस टीम द्वारा बदमाश को आत्मसमर्पण की चेतावनी देते हुए बदमाश का पीछा किया गया परन्तु बदमाश पर चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तथा लगातार पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करता रहा। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गयी तो बदमाश लड़खड़ा कर जमीन पर गिर पड़ा पुलिस पार्टी द्वारा सिखलाए गए तरीके से आगे बढकर देखा तो बदमाश घायल अवस्था में पड़ा था जिसे फायर करने का मौका दिए बिना मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश को प्राथमिक उपचार देकर नाम–पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो इसने अपना नाम **उस्मान उर्फ सुक्का पुत्र शाहिद निवासी ग्राम राजपुर कलां थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर** बताया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया गया।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से **01 तमंचा मय 03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 सुजुकी मोटर साईकिल** बरामद किए गए जिसके सम्बन्ध में थाना जानसठ पर मु0अ0सं0 231/2023 धारा 307 भादवि व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री अनिल कुमार द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–**

1. उस्मान उर्फ सुक्का पुत्र शाहिद निवासी गांव राजपुर कलां थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त उस्मान उर्फ सुक्का उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0स0 53/16 धारा 379 भादवि थाना मीरापुर मुजफ्फरनगर।
2. मु0अ0स0 55/16 धारा 307/414/411/420 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
3. मु0अ0स0 56/16 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
4. मु0अ0स0 117/16 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना जानसठ मुजफ्फरनग
5. मु0अ0स0 141/16 धारा 3 यू0पी0 गुण्डा अधि0 थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
6. मु0अ0स0 344/16 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
7. मु0अ0स0 621/16 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना जानसठ मुजफ्फरनग
8. मु0अ0स0 671/16 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 व 3/11 पशु क्रुरता अधि0 थाना जानस मुजफ्फरनगर।
9. मु0अ0स0 855/16 धारा 414 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
10. मु0अ0स0 122/17 धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
11. मु0अ0स0 132/17 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
12. मु0अ0स0 481/18 धारा 307 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
13. मु0अ0स0 482/18 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
14. मु0अ0स0 484/18 धारा 41/102 सीआरपीसी व धारा 414 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
15. मु0अ0स0 43/19 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
16. मु0अ0स0 208/19 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
17. मु0अ0स0 209/19 धारा 414/420/465 भादवि थाना जमुनानगर जगाधारी राज्य हरियाणा ।
18. मु0अ0स0 191/20 धारा 307 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
19. मु0अ0स0 193/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
20. मु0अ0स0 233/21 धारा 307 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
21. मु0अ0स0 235/21 धारा 414 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
22. मु0अ0स0 244/21 धारा 307 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
23. मु0अ0स0 245/21 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
24. मु0अ0स0 245/21 धारा 414 भादवि थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।
25. मु0अ0सं0 231/23 धारा 307 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जानसठ मुजफ्फरनगर।

बरांमदगी का विवरण–

- 01 तमंचा मय 03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
- 01 सुजुकी मोटर साईकिल।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 श्री जयवीर सिंह थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।
2. उ0नि0 श्री रामसमझ राणा थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।
3. है0का0 572 जोगेन्द्र सिंह थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।
4. है0का0 345 बिजेन्द्र सिंह थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।
5. है0का0 63 शैलेन्द्र भाटी थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।
6. का0 243 मनीष चौधरी थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।
7. का0 2294 नितेश कुमार थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर।

**नोटः– घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म का थाना जानसठ का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। अभियुक्त थाना जानसठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 228/23 धारा 363/376 भादवि व पोक्सो अधिनियम में वांछित चल रहा था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।